# मध्यप्रदेश विधान सभा

# की

# कार्यवाही

(अधिकृत विवरण)

---

पंचदश विधान सभा एकादश सत्र

मार्च, 2022 सत्र

बुधवार, दिनांक 9 मार्च, 2022

(18 फाल्गुन, शक संवत् 1943 )

[खण्ड- 11 ] [अंक- 3]

---

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## बुधवार, दिनांक 9 मार्च, 2022

## (18 फाल्गुन, शक संवत् 1943 )

## विधान सभा पूर्वाह्न 11.05 बजे समवेत हुई.

## {अध्यक्ष महोदय (श्री गिरीश गौतम) पीठासीन हुए.}

## हास-परिहास

अध्यक्ष महोदय - गोविन्द सिंह जी, आप हमारी तरफ देख नहीं रहे.

डॉ. नरोत्तम मिश्र(संसदीय कार्य मंत्री) - उनकी नजर हमेशा कमलनाथ जी पर ही रहती है, तो फिर आपको कैसे देखेंगे? (हंसी...)

अध्यक्ष महोदय - वे आपकी तरफ देख रहे थे. जब मैं आया तो आपकी तरफ सीधा देख रहे थे. (हंसी...)

डॉ. नरोत्तम मिश्र - अध्यक्ष जी, हम दोनों तो मित्र है, देखते ही रहते हैं. (हंसी...)

## अध्यक्षीय घोषणा

## संसदीय उत्कृष्टता सम्मान/पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होना.

अध्यक्ष महोदय - माननीय सदस्यगण, जैसे कि आप सभी को आमंत्रण भेजा गया है कि आज दिनांक 09 मार्च, 2022 को अपराह्न 01.00 बजे से मानसरोवर सभागार में माननीय लोकसभा अध्यक्ष के आतिथ्य एवं माननीय मुख्यमंत्री तथा माननीय नेता प्रतिपक्ष की गरिमामय उपस्थिति में संसदीय उत्कृष्टता सम्मान/पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित है. सम्मानित एवं पुरस्कृत होने वाले महानुभावों की घोषणा मेरे द्वारा सभागार में की जाएगी.

इसके पूर्व माननीय सदस्यों के लिए सदन की लॉबी में दोपहर भोज की व्यवस्था की गई है. सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि भोजन ग्रहण करने के उपरांत उक्त

गरिमामय कार्यक्रम के लिए 15 मिनट पूर्व मानसरोवर सभागार में उपस्थित होने का कष्ट करें.

कार्यक्रम के तुरंत पश्चात् दोपहर 02.45 बजे द्वार क्रमांक-4 के सामने (कुण्ड स्थल पर) माननीय लोकसभा अध्यक्ष के साथ सभी माननीय सदस्यों का समूह छायाचित्र भी लिया जाएगा. इस हेतु भी आप उपस्थित होने का कष्ट करें.

इसके साथ ही आज दिनांक 09 मार्च, 2022 को सायंकाल 06.00 बजे से मानसरोवर सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम "विधान सभा की एक शाम विंध्य के नाम" के अंतर्गत कवि सम्मेलन एवं लोकगीत गायन आयोजित है. सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु मानसरोवर सभागार में एवं तत्पश्चात् माननीय वित्त मंत्री जी की ओर से आयोजित रात्रि भोज हेतु सेंट्रल हॉल में पधारने का कष्ट करेंगे.

साथियों, मैं थोड़ा सा आग्रह करना चाहता हूं. वर्ष 2008 में जब यह पुरस्कार वितरण बंद हुआ, उसके पहले भी लगातार जारी था. कार्ड में हमारे विभाग की तरफ से, कोई त्रुटि हो गई है, विधान सभा की तरफ से उसके लिए कोई कष्ट हुआ हो तो मैं खेद व्यक्त करता हूं, उसके लिए आप सभी से क्षमा चाहता हूं. कृपया इस पुरस्कार वितरण को, इसमें किसी तरह का कहीं विवाद की गुंजाईश मत करिए. मेरा यही आग्रह है आप सभी से.

श्री बाला बच्चन - माननीय अध्यक्ष महोदय, एक साल में इस सरकार ने 52 हजार करोड़ रुपए कर्ज लिया है. 31 मार्च 2021(...व्यवधान)

वित्त मंत्री(श्री जगदीश देवड़ा) - माननीय अध्यक्ष महोदय, ....(...व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय - वित्त मंत्री जी, सदन के नेता कुछ बोलना चाहते हैं. मुख्यमंत्री जी कुछ बोलना चाहते हैं, सुन तो लीजिए. (...व्यवधान) इसके बाद पढ़ियेगा. (...व्यवधान)

मुख्यमंत्री(श्री शिवराज सिंह चौहान) - माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा केवल इतना निवेदन है, यह बजट सत्र है. बजट देश के विकास और जनता के कल्याण के लिए कितना उपयोगी होता है, हम सभी जानते हैं. बजट भाषण केवल हम लोग सदन के सदस्य ही नहीं,

बल्कि (...व्यवधान) पूरे प्रदेश की जनता सुनना चाहती है. मेरा प्रतिपक्ष से निवेदन है कि जितना विरोध हो, आप कर लें, लेकिन बजट भाषण को आप कम से कम होने दें, क्योंकि बजट भाषण आपके अलावा जनता भी सुनना चाहती है. प्रदेश के अर्थशास्त्री सुनना चाहते हैं, कर्मचारी सुनना चाहते हैं (...व्यवधान) और इस व्यवधान से कोई कांग्रेस की छवि भी अच्छी नहीं बनेगी कि आप बजट भाषण ही न होने दें(...व्यवधान) ये बजट भाषण शांति से सुने यह मेरा प्रतिपक्ष से निवेदन है, बाद में जितना विरोध हो आप कर लीजिए. (...व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया - (...व्यवधान) अध्यक्ष जी, भू माफियाओं द्वारा जबलपुर में आदिवासी की हत्या कर दी गई. उसमें एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई. (...व्यवधान)

श्री सज्जन सिंह वर्मा - माननीय अध्यक्ष महोदय, तीन लाख करोड़ रुपए के कर्ज में प्रदेश को डूबो दिया. अब काहे का बजट सदन के पटल पर रखवा दीजिए हम पढ़ लेंगे. (...व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय - आप सुन तो लीजिए, मैं आसंदी से कुछ बोल रहा हूं, पहले सुन लीजिए, सज्जन सिंह जी, बाला बच्चन जी, सुन लीजिए.

(व्यवधान)

श्री सज्जन सिंह वर्मा--अध्यक्ष महोदय, 3 लाख करोड़ रूपये के कर्जे में प्रदेश की जनता को डुबो दिया है. (व्यवधान)

लोक निर्माण मंत्री (श्री गोपाल भार्गव)--सज्जन भाई बजट पर बोलने का आपको पर्याप्त अवसर मिलेगा. आप उस समय चर्चा कर लें.

श्री सज्जन सिंह वर्मा--प्रदेश को 3 लाख करोड़ रूपये के कर्ज में डुबो दिया है. (व्यवधान)

श्री गोपाल भार्गव-- अध्यक्ष महोदय, अभी आपको इस बारे में बतायेंगे आप बजट को सुनिये तो (व्यवधान)

डॉ.नरोत्तम मिश्र-- अध्यक्ष महोदय, किस बात का किस समय विरोध करना चाहिये, इतनी समझ नहीं है. यह ही ज्ञान नहीं है कि कौन सी बात का कब विरोध करना चाहिये ? यह बजट के भाषण का बजट के बाद विरोध करना चाहिये कि पहले इन लोगों ने बजट का भाषण पढ़ा ही नहीं है, इन्होंने सुना ही नहीं है, यह लोग बजट का विरोध करने लगे ? कौन सी बात कब-कहां पर कही जाती है और यही सलीका हो तो हर बात सुनी जाती है ? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय--सज्जन सिंह जी आप सुन लीजिये. आप बजट को सुन लीजिये.

श्री बाला बच्चन-- अध्यक्ष महोदय, आप हमारी बात सुने पूरे मध्यप्रदेश का पूरा वित्तीय कुप्रबंधन हो गया है. 1 साल में 52 हजार करोड़ रूपये कर्ज शिवराज सिंह जी की सरकार ने लिया है. (व्यवधान)

**11.12 बजे**

**<u>गर्भ गृह में प्रवेश एवं नारेबाजी</u>**

**<u>इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यगण द्वारा गर्भगृह में प्रवेश एवं नारेबाजी</u>**

**(इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यगण द्वारा गर्भगृह में प्रवेश किया गया एवं नारेबाजी की गई)**

**(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय--वित्त मंत्री जी के अलावा किसी का भी नहीं लिखा जायेगा.

श्री कमलेश्वर पटेल-- (XXX)

श्री सज्जन सिंह वर्मा--(XXX)

डॉ.विजय लक्ष्मी साधौ (XXX)

श्री फुन्देलाल सिंह मार्को (XXX)

# वर्ष 2022-2023 का आय-व्ययक

12.35 बजे

**बहिर्गमन**

**इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यगण द्वारा सदन से बहिर्गमन**

(इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यगण द्वारा माननीय वित्त मंत्री के बजट भाषण से असंतुष्ट होकर नारे लगाते हुए सदन से बहिर्गमन किया गया.)

...(व्यवधान)...

**वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक के उपस्थापन के साथ-साथ मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत यथा-अपेक्षित राजकोषीय नीति का विवरण वर्ष 2022-2023**

श्री जगदीश देवड़ा:- अध्यक्ष महोदय, मैं, राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक के उपस्थापन के साथ-साथ मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत यथा-अपेक्षित राजकोषीय नीति का विवरण वर्ष 2022-2023 सदन के समक्ष रखता हूं.

अध्यक्ष महोदय:- मैं, आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिये दिनांक 11 एवं 14 मार्च, 2022 नियत करता हूं.

आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं निर्धारित प्रपत्र में आज दिनांक 09 मार्च, 2022 को सायंकाल 5.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय को दी जा सकती है.

**अध्यक्षीय घोषणा**

अध्यक्ष महोदय:- मैं, पुन: एक बार माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि दोपहर का भोज लॉबी में प्राप्त कर सभागार में पहुंचे, जिससे हमारा जो पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम है वह सम्पन्न हो सके.

विधान सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक 10 मार्च, 2022 को प्रात: 11.00 बजे तक के लिये स्थगित.

अपराह्न 12.36 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक 10 मार्च, 2022 (19 फाल्गुन, शक संवत् 1943) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिये स्थगित की गई.

भोपाल: ए.पी.सिंह

दिनांक: 09 मार्च, 2022 प्रमुख सचिव

मध्यप्रदेश विधान सभा.